द SUMMER न्यूज़

www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 5:54 बजे
सूर्यास्त शाम 6:52 बजे

• साल-1 • अंक-221 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# परिसीमन, महिला आरक्षण समेत तीनों बिलों पर लोक सभा में वोटिंग आज

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विपक्ष के कड़े विरोध के बीच लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए हैं। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन और परिसीमन विधेयक पेश किया, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा संशोधन विधेयक पेश किया। संविधान संशोधन विधेयक को पेश करने के पक्ष में 251 वोट पड़े, जबकि 185 सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया।

सरकार का कहना है कि महिला आरक्षण को सही तरीके से लागू करने के लिए ये तीनों विधेयक एक साथ लाना जरूरी है। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है। मौजूदा संख्या 543 है। राज्यों में 815 और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 तक सीटें होंगी। सीटों की सटीक संख्या तय करने के लिए परिसीमन भी किया जाएगा। 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

कांग्रेस, सपा और द्रमुक समेत कई विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को 'असंवैधानिक' बताया है। कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने सवाल उठाया कि जब 2023 में ही महिला आरक्षण बिल पास हो गया था, तो उसे तभी लागू क्यों नहीं किया गया? उन्होंने सरकार पर 2029 के चुनावों से डरने का आरोप लगाया। बिलों पर चर्चा के लिए 16 और 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है। शुक्रवार शाम 4 बजे वोटिंग की जाएगी।

## मेरा स्वार्थ नहीं, आपको क्रेडिट चाहिए तो ले लो: पीएम मोदी



पीएम मोदी ने महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि हमारे देश में जब जब चुनाव आया है उसमें महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का जिस-जिसने विरोध किया है। उसका हाल बुरे से बुरा किया है। कभी माफी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इसलिए जिनको भी इसमें राजनीति की बू आ रही है वो खुद के परिणामों को देख लें। इसी में फायदा है जो नुकसान हो रहा है उससे बच जाओगे। इसलिए इसे राजनैतिक रंग देने की जरूरत नहीं है। इसलिए हमारी नीयत की खोट को देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी। मोदी ने कहा आपको करना नहीं था, इसलिए बहाने लगा दिए। अब देश की नारी को नहीं समझा पाओगे। यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं।

## पहले जनगणना फिर परिसीमन: अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी पार्टी आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन "भाजपाई साजिश" के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि पहले देश में जनगणना कराई जाए, उसके बाद ही परिसीमन किया जाए, ताकि सभी वर्गों को न्याय मिल सके। अखिलेश ने आरोप लगाया कि सरकार पिछड़े वर्ग और मुस्लिम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहती। उन्होंने कहा कि बिना सही आंकड़ों के परिसीमन करना राजनीतिक लाभ के लिए रणनीति का हिस्सा हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि जातीय आधार पर जनगणना कराई जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने "नारी को नारा" बना दिया है, जबकि वास्तविक भागीदारी देने में पीछे है। अखिलेश ने सवाल उठाया कि 21 राज्यों में भाजपा की सरकार होने के बावजूद कितनी महिला मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को अधिकार और सम्मान केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि नीतियों से मिलते हैं। सपा नेता ने दावा किया कि भाजपा जनगणना को टालना चाहती है, क्योंकि इससे सामाजिक समीकरण बदल सकते हैं।

## धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक: अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि देश में जनगणना की प्रक्रिया जारी है और जातियों के साथ ही यह जनगणना होगी। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण गैर-संवैधानिक है। लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किये जाते समय समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और धर्मेंद्र यादव की कुछ टिप्पणियों का जवाब देते हुए शाह ने ये बातें कहीं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में आज 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।

# गाजियाबाद में 200 झुग्गियों में लगी आग

## सिलेंडर धमाकों से दहशत

एजेंसी | गाजियाबाद

गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने करीब 200 झुग्गी-झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयावह थी कि धुएं का गुबार लगभग 10 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था।

मौके पर लगातार गैस सिलेंडरों के धमाके हो रहे थे, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। घटना के दौरान लोग अपने घरों से जरूरी सामान और गैस सिलेंडर लेकर भागते नजर आए। आग के तेजी से फैलने के कारण आसपास के रिहायशी इलाकों को एहतियातन खाली कराया गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। कुल 22 दमकल गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटीं, जिनमें नोएडा, मोदीनगर, घंटाघर कोतवाली और लोनी से भी गाड़ियां बुलाई गईं। इसके अलावा तीन प्राइवेट फायर गाड़ियां और नगर निगम के टैंकर भी राहत कार्य में शामिल रहे।



गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि करीब 90 प्रतिशत आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ रिहायशी इलाके होने के कारण प्राथमिकता यह थी कि आग को आसपास के मकानों तक फैलने से रोका जाए। इसी रणनीति के तहत चारों ओर से घेरकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार, कुछ लोग झुग्गियों में खाना बना रहे थे, तभी अचानक तिरपाल में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और पास में स्थित प्लास्टिक (पन्नी) का गोदाम भी जलकर राख हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत-उज्बेकिस्तान सैन्य अभ्यास शुरू

नई दिल्ली| भारत और उज्बेकिस्तान के बीच वार्षिक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक 2026' का सातवां संस्करण उज्बेकिस्तान के नमंगन के गुरुमसराय फील्ड ट्रेनिंग एरिया में शुरू हुआ। भारतीय सेना के मुताबिक, यह अभ्यास 12 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस सैन्य अभ्यास का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना और उज्बेकिस्तान सेना के बीच ऑपरेशनल तालमेल को मजबूत करना है। खासतौर पर यह संयुक्त विशेष अभियानों (जॉइंट स्पेशल ऑपरेशंस) पर केंद्रित है, जिनका लक्ष्य गैरकानूनी सशस्त्र समूहों को निष्क्रिय करना है।

### नेपाल में बालेंद्र शाह की भ्रष्टाचार पर सख्ती

नेपाल| नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए बड़ा कदम उठाया है। उनकी सरकार ने पूर्व और मौजूदा नेताओं व अधिकारियों की संपत्ति की जांच के लिए एक पैनल गठित किया है। इस पांच सदस्यीय पैनल की अगुआई सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज राजेंद्र कुमार भंडारी करेंगे। पैनल का काम नेताओं और अधिकारियों की संपत्ति और परिसंपत्तियों की जांच करना होगा। कैबिनेट प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने बताया कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी और कानूनी मानकों व सबूतों के आधार पर की जाएगी।

### दिल्ली-बडगाम पार्सल ट्रेन 17 अप्रैल से शुरू

नई दिल्ली| जम्मू डिवीजन की नॉर्दर्न रेलवे ने बुधवार को कहा कि 17 अप्रैल से नई दिल्ली के आदर्श नगर और कश्मीर के बडगाम के बीच जॉइंट पार्सल प्रोडक्ट-रैपिड कार्गो सर्विस ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे के मुताबिक, ये सेवा फिलहाल 31 मई तक ट्रायल बेसिस पर नियमित रूप से संचालित की जाएगी। इसके बाद यात्रियों और व्यापारियों की मांग तथा उपयोग के आधार पर इसे स्थायी सेवा के रूप में शामिल किया जा सकता है। ट्रेन नंबर 00462 बडगाम से सुबह 6:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 5 बजे दिल्ली के आदर्श नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन बाड़ी ब्राह्मणा और अंबाला कैंट स्टेशन पर भी रुकेगी।

# मुठभेड़ में घायल 4 जवानों को हेलीकॉप्टर से लाया गया रांची

एजेंसी | रांची

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में घायल सीआरपीएफ कोबरा 205 बटालियन के चार जवानों को हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया। सभी इलाज राज अस्पताल में जारी है। घायलों में बटालियन के इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश, शैलेश कुमार दूबे, प्रेमचंद दास और जितेन्द्र कुमार रॉय शामिल हैं। डॉक्टरों के मुताबिक सभी जवानों की स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है।



सीआरपीएफ के अधिकारियों के अनुसार जितेन्द्र कुमार रॉय के बायें पैर में और शैलेश कुमार दूबे की गर्दन में गोली लगी है जबकि प्रेमचंद दास के घुटने के नीचे गोली लगी है। सत्य प्रकाश को स्प्लिंटर इंजरी है। उल्लेखनीय है कि सुरक्षाबलों को नक्सली मूवमेंट की सूचना मिली थी। पता चला था कि कुख्यात नक्सली मिसिर बेसरा अपने दस्ते के साथ इलाके में सक्रिय है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा 205 बटालियन की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान जंगल में नक्सलियों से आमना-सामना होते ही दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी की चपेट में आकर घायल हो गए जबकि अन्य जवान मुठभेड़ घायल हुए हैं। उधर, सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में नक्सलियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल चार जवानों को हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया है। चारों की स्थिति स्थिर है।

# तिरंगे जैसा फीता काटने से उमर अब्दुल्ला ने किया इंकार

एजेंसी | श्रीनगर

श्रीनगर में एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता चर्चा का विषय बन गई है। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक हलकों तक अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को उमर अब्दुल्ला श्रीनगर के कश्मीर हाट में हस्तशिल्प विभाग द्वारा आयोजित 'अपने कारीगरों को जानो' कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और उनकी कला को बढ़ावा देना था। उद्घाटन के दौरान जब उनके सामने फीता लाया गया,



तो उन्होंने देखा कि उसमें तिरंगे जैसे रंग शामिल थे। इसे देखते ही उन्होंने फीता काटने से इनकार कर दिया और कहा कि इस तरह का फीता काटना उचित नहीं होगा। उन्होंने अपने उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी की ओर भी इस पर सहमति जताने के लिए देखा, जिसके बाद दोनों नेताओं ने मिलकर फीता काटने के बजाय उसे खोलने का सुझाव दिया। इसके बाद फीते को सावधानीपूर्वक आयोजकों को वापस सौंप दिया गया और इसे सम्मानपूर्वक संभालने को कहा गया। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आने के बाद यह मामला चर्चा में आ गया है और कई लोग इसे सकारात्मक संदेश के रूप में देख रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी इस घटना पर प्रतिक्रिया दी गई। जम्मू-कश्मीर भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि उद्घाटन समारोह में तिरंगे जैसे रंगों वाले फीते का उपयोग करना लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो। वहीं, सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने उमर अब्दुल्ला के इस कदम की सराहना की है। लोगों का कहना है कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है। तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता और गरिमा का प्रतीक है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# पश्चिम बंगाल में माफिया प्रवृत्ति खत्म करने का संकल्प लेगी भाजपा: योगी

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पहले सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। आगामी 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले भारतीय जनता पार्टी ने प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बर्दवान में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजकता, माफिया राज और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं व्याप्त हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास



के लिए आने वाला धन कटमनी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि नौ वर्ष पहले वहां भी इसी तरह की स्थिति थी, जहां अपराध, दंगे और माफिया का प्रभाव था। योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि डबल इंजन सरकार के आने के बाद वहां स्थिति में सुधार हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन लोगों के कारण पिछले 15 वर्षों से बंगाल में पहचान का संकट और भय का वातावरण बना है, उन्हें अब हटाने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में राज्य में माफिया संस्कृति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा इस माफिया प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी ने अपील की कि वे भाजपा को समर्थन दें ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था और विकास को मजबूत किया जा सके।

# आंध्र प्रदेश के कर्नुल में सड़क हादसा

कर्नूल| आंध्र प्रदेश के कर्नूल जिले में गुरुवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना नेशनल हाईवे 167 पर धर्मापुर टोल प्लाजा से करीब 8-9 किलोमीटर दूर, कर्नाटक-आंध्र प्रदेश सीमा के पास हुई। पुलिस के अनुसार, श्रद्धालु पिकअप वाहन से मंत्रालयम स्थित श्री राघवेंद्र स्वामी मठ दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी सामने से आ रही रेडी-मिक्स लॉरी से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के समय वाहन में कुल 21 लोग सवार थे। इस टक्कर में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को यममिगनूर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जबकि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में बारिश-आंधी का अलर्ट

# देश के कई राज्यों में पारा 40 डिग्री के पार

समर न्यूज | चंडीगढ़

देश के मध्य और दक्षिणी हिस्से में तेज गर्मी पड़ने लगी है। पिछले 2 दिन से राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और महाराष्ट्र में पारा 40 से 44C के बीच चल रहा है।

बुधवार को महाराष्ट्र के अकोला में 44.2C, राजस्थान के बाड़मेर में 42.8C, मध्य प्रदेश के नौगांव में 42C, आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 43.4C, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 43C और उत्तर प्रदेश के बांदा में भी पारा 44C रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी।



गर्मी के असर से बच्चों को बचाने के लिए महाराष्ट्र के वर्धा में गुरुवार को सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया है। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में गर्मी के कारण स्कूलों का समय बदला गया है।

अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गंगा से सटे बंगाल और नगालैंड में आज बिजली गिरने के साथ आंधी-बारिश होने का अनुमान है।

जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी, पंजाब और हरियाणा में बारिश हो सकती है। जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

**अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम**

17 अप्रैल: पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में बर्फबारी के साथ ओले गिरने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में लू चलेगी, जबकि पश्चिमी राजस्थान और झारखंड में भी हीटवेव की शुरुआत हो सकती है।

18 अप्रैल: छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में हीटवेव की चेतावनी है। वहीं गुजरात, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गर्म और उमस भरा मौसम बना रहेगा। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश की संभावना है।

